**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ**

संख्या–एम0ई0–3/2017/1302 लखनऊः दिनांक 01 सितम्बर 2017

**शैक्षणिक सत्र 2017–18 हेतु निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों की बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों को मॉपअप राउण्ड के माध्यम से भरे जाने हेतु ऑनलाईन पंजीकरण, आवंटन तथा प्रवेश आदि के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

शासनादेश संख्या–3325/71–2–17–158/2017 दिनांक 01 सितम्बर 2017 में निहित निर्देशों के क्रम में NEET-2017 के माध्यम से चयनित छात्रों के शैक्षणिक सत्र 2017–18 में निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों की मात्र बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर मॉप–अप राउण्ड आवंटन तथा प्रवेश आदि की कार्यवाही निम्नानुसार सम्पन्न की जाएगीः–

| क्र0सं0 | विवरण | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | माप–अप राउण्ड हेतु आनलाईन पंजीकरण | दिनांक 04 सितम्बर 2017 को मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 05 सितम्बर 2017 को अपरान्ह 4:00 बजे तक |
| 2 | मेरिट सूची का प्रकाशन | दिनांक 05 सितम्बर 2017 |
| 3 | निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु मॉप अप राउण्ड की कार्यवाही एवं प्रवेश | दिनांक 06 सितम्बर 2017 से 08 सितम्बर 2017 तक |

- ऑनलाईन पंजीकरण की कार्यवाही वेबसाईट **https://upneet.gov.in** पर दिनांक दिनांक 04 सितम्बर 2017 को मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 05 सितम्बर 2017 को अपरान्ह 4:00 बजे तक सम्पन्न की जायेगी।
- **मॉप अप राउण्ड में निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों की बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर आवंटन हेतु इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा तथा पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क के रूप रू0 1,000/– (रूपए एक हजार मात्र) ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।**
- **दिनांक 04 सितम्बर 2017 को मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 05 सितम्बर 2017 को अपरान्ह 4:00 बजे तक उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पंजीकृत अभ्यर्थी ही मॉपअप राउण्ड आवंटन हेतु अर्ह होंगे।**
- **नीट यू0जी0 2017 की काउंसिलिंग हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में कराया गया ऑनलाईन पंजीकरण इस मॉपअप राउण्ड आवंटन हेतु मान्य नहीं होगा।**
- मॉप अप राउण्ड से संबंधित आवंटन एवं प्रवेश की कार्यवाही लाइब्रेरी कम लेक्चर हॉल, निकट प्रशासनिक भवन, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में सम्पन्न की जायेगी।
- मॉपअप राउण्ड में आवंटन के इच्छुक अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन आवंटन स्थल पर ही सम्पन्न किया जायेगा।
- उक्त आवंटन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 2,00,000/– (रू0 दो लाख मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो Director General Medical Education & Training, U.P.Lucknow के नाम से लखनऊ में देय हो, आवंटन स्थल पर अभिलेखों के सत्यापन के समय ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- **ऐसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग हेतु अभिलेखों के सत्यापन के समय सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 2,00,000/– (रू0 दो लाख मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा किया गया था, किन्तु उन्हे द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग/मॉपअप राउण्ड से कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, उन्हे मॉप अप राउण्ड हेतु सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।**
- मॉपअप राउण्ड से निजी क्षेत्र के कालेजों हेतु आवंटित अभ्यर्थियों को शासनादेश दिनांक 14 जुलाई 2017 द्वारा बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम के लिए निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों हेतु निर्धारित किये गये न्यूनतम शुल्क रू0 1.37 लाख का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो Director General Medical Education & Training, U.P.Lucknow के नाम से लखनऊ में देय हो, आवंटन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- शासनादेश संख्या–2234/71–2–17–158/2017 दिनांक 03 जुलाई 2017 (वेबसाईट पर उपलब्ध) द्वारा मॉपअप राउण्ड के संबंध में अभ्यर्थियों हेतु निम्नलिखित अर्हताये निर्धारित की गई हैं:–

- प्रथम, द्वितीय एवं मॉअप राउण्ड काउंसिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में आवंटन प्राप्त (प्रवेशित / आवंटन के पश्चात प्रवेश न लेने वाले / त्यागपत्र दे चुके / आवंटन पत्र डाउनलोड कर चुके) अभ्यर्थी मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होंगे।
- मॉप अप राउण्ड हेतु अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक एवं नीट 2017 से सम्बन्धित प्रपत्र मूल रूप में तथा उसकी एक छायाप्रति एवं स्वयं के 02 फोटोग्राफ के साथ आवंटन स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। (मूल अभिलेख न होने की स्थिति में आवंटन की कार्यवाही अनुमन्य नहीं होगी)
- मॉपअप राउण्ड की समय सारिणी दिनांक 05 सितम्बर 2017 की सायंकाल वेबसाईट www.updgme.in तथा https://upneet.gov.in पर प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों / अभिभावकों से अपेक्षित है कि कृपया उपरोक्त वेबसाईट का अनुश्रवण करते हुये समय–सारिणी के अनुसार निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**महानिदेशक**